प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि कुल्लू जिले के मंगलौर में एक सप्ताह के भीतर बैली ब्रिज तैयार किया जाएगा। कल उन्होंने इस क्षतिग्रस्त पुल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को ब्रिज निर्माण के उचित निर्देश भी दिए। गौरतलब है कि 12 अप्रैल को ये पुल क्षतिग्रस्त हो गया था। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि इस पुल के स्थायी निर्माण के लिए शिमला से लोक निर्माण विभाग के टैक्नीकल विंग की एक टीम ने निरीक्षण किया है और नए पुल के निर्माण के लिए केंद्र सरकार को पत्राचार किया है। उन्होंने ये भी कहा कि पर्यटन की दृष्टि से ये पुल जिले की बंजार घाटी के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

आशीष/कुल्लू

पुलिस थाने

प्रदेश पुलिस ने वर्ष 2024 के सर्वश्रेष्ठ पुलिस थानों की घोषणा की है। बीते कल मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने किलाड़ में आयोजित हिमाचल दिवस के राज्य स्तरीय समारोह में सर्वश्रेष्ठ पुलिस थानों के प्रभारियों को सम्मानित किया। पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी प्रैस विज्ञप्ति के अनुसार इन सर्वश्रेष्ठ पुलिस थानों में सदर पुलिस थाना बिलासपुर पहले स्थान पर रहा। जबकि मंडी के बी एस एल कालोनी थाने को दूसरा और नुरपूर के डमटाल पुलिस थाने को तीसरा स्थान मिला है। इसके अलावा ऊना जिला के महिला पुलिस थाने को महिला अपराधों की संवेदनशील हैंडलिंग और सामुदायिक संपर्क में बेहतर काम के लिए राज्य का सर्वश्रेष्ठ महिला थाना चुना गया है। सर्वश्रेष्ठ पुलिस थानों का चयन कई महत्वपूर्ण मानकों के आधार पर किया गया है। इनमें विभिन्न मापदंडों को शामिल किया गया है जिनमें अपराध नियंत्रण, आबकारी शस्त्र, नशा व्यापारियों व अन्य अपराधियों के विरूद्ध त्वरित कार्रवाई जैसे अन्य महत्वपूर्ण बिंदु शामिल हैं।

वन मित्र

हमीरपुर जिले में वनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हमीरपुर वन मंडल की 70 वन बीट में एक–एक वन मित्र की सेवाएं ली जाएगी। डी एफ ओ अंकित कुमार सिंह ने बताया कि जिले में वन मित्र भर्ती की प्रक्रिया को पूरा कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि ज्वाइनिंग के बाद इन चयनित वन मित्रों को 7 दिन का प्रशिक्षण दिया जाएगा और इसके बाद इनकी सेवाएं शुरू की जाएगी।

प्रेनो

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकतर भागों में आज दिन की शुरूआत बादलों के साथ हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने अगले 48 घंटों के दौरान प्रदेश के कुछ स्थानों पर बारिश और बिजली गिरने का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक शोभित कटियार ने बताया कि 18 से 21 अप्रैल के बीच प्रदेश के कुछ स्थानों पर भारी बारिश, ओलावृष्टि व तेज हवाएं चलेंगी।

इस बीच मौसम के खराब रहने की आशंका को देखते हुए एहतियातन एडवाइजरी भी जारी की गई है।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक

खाद्य कीमतों में उल्लेखनीय कमी के कारण पिछले महीने भारत की खुदरा मुद्रा स्फीति घटकर 3 दशमलव तीन–चार प्रतिशत पर आ गई। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने कहा कि अगस्त, 2019 के बाद

साल–दर–साल आधार पर यह सबसे कम मुद्रास्फीति दर है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह दर 3 दशमलव दो–पांच प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 3 दशमलव चार–तीन प्रतिशत रही। अखिल भारतीय उपभोक्ता खाद्य मूल्य सूचकांक के अनुसार, मार्च में खाद्य मुद्रा स्फीति दर अंतरिम रूप से 2 दशमलव छ–नौ प्रतिशत दर्ज की गई, जो फरवरी में दर्ज 3 दशमलव सात–पांच प्रतिशत से कम है।